हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, गुरुवार 30 मई 2024
[ बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़ ]

MOTION BHILAI

मोशन है, तो भरोसा है।

India 's Best IIT-JEE I NEET I Foundation Coaching Institute

Highest Selection Ratio (NEET)

Total Student Qualified in 2023
6492 / 7084 = 91.64%

Total Student Qualified in 2022
4837 / 5356 = 90.31%




28 Students under 1000 Ranks & 435 Students under 10000 Ranks in NEET 2023

Once Again At NEET
MAKE IT COUNT WITH US !
LEADER BATCH
STARTING FROM
1ST JUNE 2024

ADMISSION OPEN




ADMISSION ANNOUNCEMENT Session 2024-25
(Full-Time Classroom Program)

Target: JEE/NEET 2026
**Nurture Batch**
Class 10th to 11th Moving
Batch at initial stage

Target: JEE 2025
**Achiever Batch**
Class 12th to 13th Moving
Starting from : 1st June 2024

Target: NEET 2025
**Leader Batch**
Class 12th to 13th Moving
Starting from : 1st June 2024

Target: Olympiads & Board
**Foundation Batch**
Class 6th to 10th Moving Students
Batch at initial stage

MOTION

7970222201 / 7440200990
STUDY CENTER (BHILAI) : 152, NEW CIVIC CENTRE, BHILAI, CHHATTISGARH 490006
Follow us : facebook.com/motionbhilaiiitjee instagram.com/motionbhilai

## सफलता जरूर मिलेगी लेकिन.... शिक्षक, विद्यार्थी और अभिभावक को मिलकर काम करना होगा। एक भी कड़ी कमजोर न रह जाए।



जब छात्र किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी शुरू करता है, तो सबका लक्ष्य परीक्षा उत्तीर्ण कर सीट सुनिश्चित करना होता है। लेकिन आमतौर पर बहुत कम विद्यार्थी अपना लक्ष्य हासिल कर पाते हैं। हमारा मानना है कि JEE हो या NEET या फिर कोई और प्रतियोगिता... सफलता जरूर मिलेगी लेकिन इसके लिए एक रूट चार्ट का पालन करना बहुत जरुरी है। दरअसल, किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की सफलता के लिए सही स्ट्रेटेजी बहुत जरुरी है। इसमें अकेले शिक्षण संस्थान ही नहीं, विद्यार्थी और उनके अभिभावकों की भी बड़ी भूमिका होती है।

**कोचिंग संस्थान के नाते जिम्मेदारी:** एक कोचिंग संस्थान के नाते हम हमारी जिम्मेदारी मानते हैं कि-

1.समय पर कक्षाएं लगवाएं। 2.हर विषय के अनुभवी फैकल्टी से, समय पर पाठ्यक्रम पूरा करवाएं। 3.विद्यार्थी को अपडेटेड अध्ययन सामग्री और तकनीक समर्थन जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा टेस्ट-एनालिसिस और प्रदर्शन सुधार के जरूरी सुझाव देते रहें। 4.पढ़ाई में छात्र को कोई संदेह रह जाए तो उसे क्लियर करवाएं। 5.बच्चे को जब भी जरुरत हो, भिलाई में स्थानीय अभिभावक के रूप में समर्थन दें। ऐसा वातावरण उपलब्ध करवाएं कि विद्यार्थी मोटीवेट रहकर लक्ष्य पर फोकस रहे और लगातार तैयारी करता रहे।

इसके लिए हमने पूरा सिस्टम बना रखा है और हजारों सहयोगियों की टीम कोटा से काम कर रही है। अगर कोई कड़ी कमजोर पड़ जाए तो हमें बताएं, समस्या का तत्काल समाधान करेंगे।

**विद्यार्थी की जिम्मेदारी –** सफलता के लिए छात्र के मन में जोश, जज़्बा, और आवश्यक स्पार्क नहीं है तो दुनिया की कोई ताकत कुछ नहीं कर सकती। इसलिए विद्यार्थी में रोजाना 12-14 घंटे मेहनत और संवेदनशीलता से पढ़ाई करने की इच्छा और लगन जरुरी है।

**शिक्षक की सुनें –**विद्यार्थी को यह मानकर चलना चाहिए कि वह जो भी पढ़ रहा है, उसके लिए पहली बार है लेकिन शिक्षक यह सब पहली बार नहीं पढ़ा रहे होते हैं। उन्होंने हजारों विद्यार्थियों को वह विषय पढ़ाया होता है। उन्हें पता होता है कि विद्यार्थी की क्षमता क्या है और उसको कैसे पढ़ाना और सिखाना है। इसलिए सफलता के लिए जरुरी है कि वह अपने तरीके से पढ़ने की जगह अपने अपने शिक्षकों के निर्देशों का पालन करें। मोशन से दी गई सभी सीट्स और शिक्षक सामग्री को जरूर से पूरा करें।

**लक्ष्य के प्रति फोकस रहें, बैकलॉग नहीं बनाने दें:** 1.ज्यादातर विषयों में टॉपिक्स और कॉन्सेप्ट्स एक दूसरे पर डिपेंड करते हैं। यदि आपने बीच में कोई क्लासेस मिस कर दी हैं, तो आगे के टॉपिक्स समझना मुश्किल हो जाता है। इसलिए जरुरी है कि छात्र-छात्राएं, क्लास में नियमित आएं। उपस्थिति 95% से अधिक होना जरुरी है। 2.टाइम मैनेजमेंट जरुरी है। टाइम टेबल बनाकर रोजाना कोचिंग सहित 12-14 घंटे पढ़ाई जरूर करें। 3.होमवर्क समय पर पूरा करें और किसी भी हालत में बैकलॉग नहीं बनाने दें। 4.आधे-अधूरे मन से किए गए काम में सफलता नहीं मिलती है। एग्जाम टाइम पर सिलेबस को फिनिश ना करना आधे-अधूरे इरादे के लक्षण हैं।

**अभिभावक न खुद तनाव लें और न ही बच्चों को दें –** माता-पिता का कर्तव्य है कि वे बच्चे को सही जगह कोचिंग के लिए भेजें। अपने सामर्थ्य के अनुसार बच्चे को मासिक व्यय भेजते रहें। उसको घर के समस्याओं और विवादों से दूर रखें। बच्चे से रोज या एल्टरनेट जरूर से बात करें और उसकी दिनचर्या पर नजर रखें। मोशन द्वारा एटेंडेंस और टेस्ट परफॉर्मेंस से संबंधित सभी संदेशों पर ध्यान दें। समय-समय पर भिलाई आएं और देखें कि बच्चा होस्टल में कैसे रह रहा है, पीटीएम में अवश्य से भाग लें। बच्चों को हर टेस्ट देने के लिए प्रेरित करें और उनकी गलतियों की पहचान कर दूर करने में मदद करें। याद रखें टेस्ट में सवालों का स्तर एग्जाम से भी टफ होता है। अगर टेस्ट में नंबर कम आते हैं तो यही कहें कि तुम अपनी ओर से सबसे अच्छा करो, जो परिणाम आएगा, उसे हम दिल से स्वीकारेंगे। यह आश्वासन उन्हें हौसला देगा।

जो छात्र नीट और जेईई एग्जाम में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं, और उन्हें रिस्टार्ट लेना है, उन्हें बिल्कुल भी देर न करनी चाहिए। उन्हें संकल्पबद्धता के साथ आगे बढ़ना चाहिए, और मोशन के नीट और जेईई के लिए 1 जुन से नए बैच में अपनी कक्षाएं शुरू करनी चाहिए। और जो 10वीं के छात्र अभी तक रिजल्ट की प्रतीक्षा कर रहे थे, वे और अधिक समय बर्बाद न करें, और मोशन के सर्वश्रेष्ठ काउंसलर से सलाह लेकर उचित निर्णय लें।

**सफलता का दरवाजा: मोशन भिलाई इंस्टीट्यूट में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत–** आपके विश्वास से मोशन को कोटा में जेईई, नीट और ओलम्पियाड की तैय्यारी के लिए सबसे तेजी से बढ़ने वाला और सर्वश्रेष्ठ कोचिंग संस्थान बना दिया है और अब मोशन कोटा का भरोसा भिलाई में साकार होता दिख रहा है। मोशन-भिलाई हमारे लिए किसी इंस्टिट्यूट या संस्था का नाम नहीं है, हमारे लिए यह मिशन है, जिम्मेदारी और संकल्प है। संकल्प शिक्षा के क्षेत्र में बदलाव का, भावी पीढ़ी के करियर के सपनों को साकार करने का। हमारे लिए हर विद्यार्थी खास है, हम चाहते हैं कि विद्यार्थियों को अच्छे से अच्छा माहौल मिले और वे अपने मकसद में कामयाब हों। हमेशा उनका विशेष ख्याल रखते हैं, उनके सपनों से लेकर सफलता तक के सफर में साथ रखते हैं। उनकी हर समस्या हमारी समस्या होती है और हम उनके समाधान के लिए हमेशा तैयार रहते हैं।

इन दिनों, मोशन भिलाई इंस्टिट्यूट में एडमिशन का सिलसिला चल रहा है। यह एक नए शुरुआत का समय है और नए सत्र, नए संकल्प, लक्ष्य और नई उम्मीदों के साथ आया है। मोशन भिलाई, सभी वर्ग के छात्रों के लिए कुछ विशेष लेकर आया है -

**फाउंडेशन कक्षा** - 8, 9, 10 के छात्रों के लिए कॉन्सेप्ट के साथ NCERT की बेसिक्स को स्ट्रांग करते हुए सभी प्रकार की ओलंपियाड की विशेष तैयारी। अभी भी जो छात्र एडमिशन नहीं लिए है उनके लिए अच्छा मौका है सीधे छात्रवृत्ति के आधार पर मोशन में एडमिशन पा सकते हैं जहाँ सप्ताह में 4 दिन क्लास होती है जिसमे फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स, बायोलॉजी, एस. एस.टी., व मेंटल एबिलिटी, मोशन कोटा के विशेष फैकल्टी द्वारा पढ़ाया जाता है।

**कक्षा – 11** के छात्रों के लिए 2 साल का विशेष **नर्चर बैच** प्रोग्राम जिसमें स्कूल के कॉन्सेप्ट के साथ **'नीट, जेईई'** की कोटा के एक्सपर्ट द्वारा रोजाना 5 घंटे, क्लास ली जाती है जिनका टारगेट नीट/जे.ई.ई.-2026 है वो बिना देर किए मोशन में एडमिशन ले सकते है

**कक्षा – 12** के छात्रों के लिए **एन्थ्यूस बैच** में रोजाना 5 घंटे **NCERT** एवं **JEE/NEET** की विशेष तैयारी करायी जाती हैं। जिनका टारगेट स्कूल के साथ, नीट/जे.ई.ई.-2025 है वो काफी लेट हो चुके है फिर भी हमारे एक्सपर्ट से मिलकर जानकारी अवश्य लें।

**नीट व जे.ई.ई.**–ड्रॉपर्स के छात्रों के लिए, लीडर्स बैच 13 मई एवं 1 जून से शुरू होने जा रहे है जिसमें रोजाना 6 घंटे की क्लास 11वी, 12वी का सिलेबस एवं सभी प्रकार के टेस्ट सीरीज सम्मिलित है। हिंदी/अंग्रेजी माध्यम की क्लास अलग अलग लगाई जाती है।

और भी बहुत कुछ, सभी के लिए स्पेशल स्पॉट ऑफर के साथ सीट बुक करें, नहीं तो आप लेट हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए, आप 152 - न्यू सिविक सेंटर,भिलाई हमारी ब्रांच में विजिट कर सकते है...।

**-नितिन पंड्या**
(डायरेक्टर, मोशन भिलाई)

## खबर संक्षेप

### आयुष्मान मित्र को पिछले दो माह से नहीं मिला वेतन

**रायपुर।** विभिन्न अस्पतालों में स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत इलाज के लिए आने वाले मरीजों की मदद करने वाले आयुष्मान मित्र को पिछले दो माह से वेतन नहीं मिल पाया है। राज्य में इनके वेतन का भुगतान एजेंसी के माध्यम से किया जाता है। जानकारी के अनुसार निजी और शासकीय अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड बनाने और कार्ड ब्लाक करने से लेकर योजना से संबंधित अन्य काम पूरा करने की जिम्मेदारी आयुष्मान मित्र की होती है। बताया जाता है कि स्टेट नोडल एजेंसी के तहत काम करने वाले इन लोगों को वेतन का भुगतान पुणे की एफएचपीएल एजेंसी द्वारा किया जाता है। अप्रैल से उन्हें वेतन नहीं दिया गया है, जिसकी वजह से उन्हें आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आयुष्मान मित्र आशीष शर्मा ने बताया कि इसे लेकर जिला स्तर पर सीएमएचओ के सामने आपत्ति दर्ज कराई गई है।

### आशा बनीं अध्यक्ष महेश्वरी उपाध्यक्ष

**रायपुर।** बेटी बचाओ मंच संतोषी नगर परिक्षेत्र के सदस्यों की बैठक मंगलवार को हुई। बैठक में परिक्षेत्र स्तरीय पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन किया गया, जिसमें अध्यक्ष आशा धीवर और उपाध्यक्ष महेश्वरी यादव को बनाया गया। अन्य पदाधिकारियों में सचिव वर्षा कार्तिकेय, सहसचिव कुलकर्णी बजाज, कार्यकारिणी सदस्य उषा साहू, पार्वती निषाद सर्वसम्मति से चुने गए। इसी दौरान नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को अध्यक्ष ललित मिश्रा ने नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

### शिवसेना ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** शिवसेना उद्धव बाला साहेब ठाकरे द्वारा प्रदेश की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

## निधन

### चित्ररेखा गुगेल



**डौंडीलोहारा।** समीपस्थ ग्राम कोसमी निवासी हाल निवास डौंडीलोहारा चित्ररेखा गुगेल 78 वर्ष का मंगलवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार बुधवार सुबह गृह ग्राम कोसमी में किया गया। इस दौरान परिजनों के साथ ही बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित हुए। वे राजनारायण ठाकुर, चंद्रेश ठाकुर, शकुन और मधु की माताजी थीं।

### इंद्रजीत बेलचंदन



**अंडा/बालोद/निकुम।** ग्राम खुर्सीपार निवासी इंद्रजीत बेलचंदन का 29 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। वे पुरुषोत्तम बेलचंदन के पिता थे ।

### बिरझाबाई देवांगन



**डौंडीलोहारा।** नगर निवासी बिरझा बाई देवांगन पति स्व. राम बिहारी देवांगन 80 वर्ष का मंगलवार को निधन हो गया। अंतिम संस्कार बुधवार को सुबह स्थानीय मुक्तिधाम में परिवार जन व नगरवासियों की उपस्थिति में किया गया। वे प्रदीप, मनोज, मनोहर, राजेंद्र कुमार शिक्षक, नेमसिंग देवांगन की माताजी थीं।

**आयोजन : शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में दिया जा रहा प्रशिक्षण**

# समर कैंप में बच्चों की प्रतिभाओं में आ रहा निखार, विभिन्न कलाओं में हो रहे पारंगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा






शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 10 दिन के समर कैंप में बच्चों की प्रतिभाओं को निखारा गया। प्रभारी प्राचार्य एलके ठाकुर द्वारा विभिन्न विधाओं के लिए अलग-अलग शिक्षकों को नियुक्त किया गया था। डीआर साहू और एलके साहू द्वारा श्रुति लेखन और वादन का अभ्यास कराया गया। एके साहू, भूपेंद पटेल ने नगर के ऐतिहासिक परिचय पर लेखन संग्रह कराया। पुष्पा कटेंद्र और संगीता वैदे ने बच्चों को निबंध की बारीकियां समझाईं। आरएस देशमुख और आरएन योगी द्वारा गायन का अभ्यास कराया गया।

सौरभ शर्मा और हेमंत साहू ने बच्चों को खेल की बारीकियों से अवगत कराया। एनुका शार्वा के मार्गदर्शन में बच्चों ने प्रतिदिन चित्रकारी, नृत्य और पर्यावरण संरक्षण की संगोष्ठी विषय वैश्विक तापन आयोजित की। सुश्री शार्वा ने बच्चों को पेड़ों की निरंतर कटाई, तापमान में वृध्दि और जल स्तर कम होने से हो रहे दुष्परिणाम से अवगत कराया। इसके साथ ही इसे किस प्रकार इसमें कमी कर सकते हैं, उसके उपाय भी ढूंढे गए। कक्षा 12वीं के छात्राओं भोजराज, तेजप्रकाश, नवीन, प्रतीक, जितेंद्र ने पर्यावरण सुरक्षित रखने के उद्देश्य से सेल्फिश जोन का निर्माण किया। इसका प्रदर्शन विकासखंड स्तरीय समर कैंप में किया जाना है। साथ ही साथ प्रत्येक बच्चों ने मानसून के आगमन के बाद 2 पौधारोपण का संकल्प लिया। सहयोगी मार्गदर्शक पीके मेश्राम, टी साहू, हेमपुष्पा नाईक, एसडी मानिकपुरी थे। गीतांजली निषाद द्वारा निबंध, आकांक्षा सिन्हा ऐतिहासिक परिचय, लवकिशोर द्वारा चित्रकारी, वैशाली और पूनम द्वारा फेंसीड्रेस, शिवानी और साथी द्वारा विकासखंड स्तरीय समर क्लासेस में प्रदर्शन किया जाना है।

### स्वामी आत्मानंद विद्यालय झलमला में विविध कलाओं का दिया गया प्रशिक्षण




**बालोद।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान छात्र–छात्राओं को समृद्ध और आकर्षक अनुभव प्रदान करने के लिए 20 से 29 मई तक स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय झलमला में समर कैंप का आयोजन किया गया। इस समर कैंप में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अटल टिंकरिंग लैब में विज्ञान मॉडल को कैसे बनाएं और विज्ञान गणित को सरलता से समझ सकें इसकी जानकारी दी गई। साथ ही आर्ट व क्राफ्ट, रंगोली, चित्रकला, नृत्य, गायन, कम्प्यूटर शिक्षा जीवन में आर्थिक प्रबंधन व अंतिम दिवस हेल्थ केयर लैब का भ्रमण व स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान किया गया, जिससे बच्चों में शारीरिक व मानसिक विकास हो सके, समर कैंप में शाला के स्टाफ का सहयोग रहा। अंतिम दिवस सभी बच्चों को प्रभारी प्राचार्य वीके पटेल द्वारा पेन व कापी देकर प्रोत्साहित किया गया, उन्होंने कहा कि समर कैंप में बताए गए विभिन्न गतिविधियों का उपयोग अपने आने वाले समय में करें ताकि आप लोगों का भविष्य उज्जवल हो सके।

### संकुल रेंगाडबरी के समर कैम्प में बालिकाओं ने किया मनमोहक नृत्य




**डौंडीलोहारा।** संकुल स्तरीय समर कैम्प का आयोजन 29 मई दिन मंगलवार को वनांचल के संकुल रेंगाडबरी में किया गया। इसके पहले 20 से 26 मई तक संकुल रेंगाडबरी की सभी शालाओं में सभी शिक्षकों ने बच्चों को विभिन्न विधाओं में दक्ष किया। दक्ष हुए सभी बच्चों ने संकुल स्तरीय समर कैम्प प्रतियोगिता में भाग लिया। प्राथमिक स्तर से रंगोली में कुसुमलता प्राथमिक शाला रेंगाडबरी से प्रथम, दुर्गेश्वरी प्राथमिक शाला नंगूटोला से द्वितीय रही। चित्रकला में संध्या प्राथमिक शाला अन्नूटोला प्रथम एवं ईशिका प्राथमिक शाला रेंगाडबरी से द्वितीय रही। निबंध लेखन में ईशिका प्राथमिक शाला रेंगाडबरी प्रथम एवं जय कुमार प्राथमिक शाला अन्नूटोला ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। श्रुतिलेखन में कु ईशिका प्राथमिक शाला रेंगाडबरी प्रथम एवं वासु प्राथमिक शाला भीमाटोला द्वितीय रही। हस्तकला में शिवानी प्राथमिक शाला नंगूटोला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कैरम में समीर शर्मा प्राथमिक शाला रेंगाडबरी ने प्रथम एवं अंगद कुमार प्राथमिक शाला नंगूटोला द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार माध्यमिक स्तर से रंगोली में रेशमी माध्यमिक शाला अन्नूटोला से प्रथम एवं रूखमणी माध्यमिक शाला रेंगाडबरी से द्वितीय रही। चित्रकला में झमेश्वरी माध्यमिक शाला अन्नूटोला प्रथम एवं नीलिमा माध्यमिक शाला भीमाटोला द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

निबन्ध लेखन में जिनेश ठाकुर माध्यमिक शाला रेंगाडबरी प्रथम एवं जागृति माध्यमिक शाला भीमाटोला द्वितीय रही। श्रुतलेखन में झमेश्वरी माध्यमिक शाला अन्नूटोला प्रथम एवं युवांशु विश्वकर्मा माध्यमिक शाला रेंगाडबरी द्वितीय स्थान प्राप्त किया। हस्तकला में मयंक खरे माध्यमिक शाला रेंगाडबरी प्रथम प्रथम स्थान प्राप्त किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में हायर सेकेंडरी रेंगाडबरी के कक्षा ग्यारहवी की बालिकाओं ने बहुत सुन्दर नृत्य प्रस्तुत की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एमके कार्ते प्राचार्य हायर सेकेंडरी रेंगाडबरी एवं अध्यक्षता यूपी चतुर्वेदी प्रधानपाठक माध्यमिक शाला रेंगाडबरी रहे। संकुल स्तरीय समर कैम्प कार्यक्रम में सभी शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा। उक्त जानकारी दिनेश कुमार जगनायक संकुल समन्वयक रेंगाडबरी ने दी।

# पति के इलाज के लिए मांगी मदद, रो पड़ी पत्नी तो विधायक ने गले लगाया



अस्पताल में इलाज के दौरान की तस्वीरें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

■ विधायक संगीता ने इलाज के लिए मदद का दिया आश्वासन




ग्राम जगन्नाथपुर निवासी दीपक यादव का हाल ही में गले का दो ऑपरेशन हुआ है। जिसका वे विगत 22 अप्रैल 2024 से इलाज करवा रहे हैं। उनके गले में मवाद जमा होने और टांसिल की समस्या थी। उसका इलाज जारी है और आगे सर्वाइकल स्पाइन (रीढ़ की हड्डी में नस दबने से) संबंधित भी इलाज होना है।

इस संबंध में उनका दुर्ग के गला रोग विशेषज्ञ के अस्पताल में इलाज चल रहा है। इसके अलावा ऑपरेशन के बाद घर पर भी इलाज जारी है। लंबे समय से चल रहे इलाज के चलते दीपक यादव का परिवार आर्थिक तंगी से गुजर रहा है। कई लोगों ने इंसानियत दिखाते हुए सहयोग करके इलाज में मदद भी की है। शासन प्रशासन से मदद की आस के साथ दीपक यादव की पत्नी माधुरी यादव ने संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र की विधायक संगीता सिन्हा को ज्ञापन सौंपा और उन्हें विधायक निधि से व शासन से मदद दिलाने की मांग की।

पति दीपक यादव की हालात बताते हुए पत्नी माधुरी यादव रो पड़ी तो विधायक ने उन्हें गले से लगा लिया और ढांढस बंधाते हुए कहा कि चिंता मत करो, मैं हूं ना। उन्होंने शासन प्रशासन और अपनी ओर से जल्द से जल्द मदद दिलाने और आगे इलाज में भी हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस दौरान जगन्नाथपुर के सरपंच अरुण साहू, सांकरा के सरपंच वारुणी शिवेंद्र देशमुख, विधायक प्रतिनिधि कमलेश श्रीवास्तव और अन्य मौजूद रहे।

# सांकरा ज में दिया गया केश शिल्प, ब्यूटी पार्लर व सिलाई का प्रशिक्षण






हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद



नाई सेन समाज ईकाई केन्द्र ज सांकरा के तत्वावधान में 10 दिवसीय केश शिल्प, ब्यूटी पार्लर एवं सिलाई का निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के समापन समारोह कार्यक्रम में संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा शामिल हुई।

विधायक ने कहा कि महिलाएं ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बन सकती हैं। इससे महिलाओं में आत्मविश्वास तो बढ़ता ही है साथ ही ब्यूटी पार्लर का व्यवसाय से महिलाएं सक्षम बन सकती हैं।

आगे विधायक ने कहा कि किसी के सुख-दुख में साथ खड़े रहना एक सभ्य समाज की पहचान है। सेन समाज उन्हीं में से एक है। सदियों से ये परंपरा का निःस्वार्थ निर्वहन कर रहे हैं। सनातन धर्म में सेन समाज के बैगर कोई भी सामाजिक कार्य संभव नहीं होता है।

इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि कमलेश श्रीवास्तव, जनपद सदस्य शारदा सिन्हा, महामंत्री रोहित सागर, झग्गर कौशिक उपस्थित थे।

## पेज 9 का शेष

### जेल में बिगड़ी ...

रात करीब 11 बजे उसकी तबियत अचानक फिर से बिगड़ गई और जिला अस्पताल में उसकी मौत हो गई। जेल प्रशासन यह स्पष्ट नहीं बता पा रहा है कि कैदी की मौत जेल में हुई है या अस्पताल में हुई है। उधर, मृतक लुकेश सिन्हा के परिजनों ने लुकेश के साथ मारपीट करने का आरोप लगाते हुए जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। परिजनों ने पुलिस अधीक्षक के नाम देवरी थाना में लिखित शिकायत कर बताया कि ग्राम फरदफोड़, तहसील मार्री बंगला देवरी निवासी लुकेश कुमार सिन्हा पिता भारत लाल सिन्हा 34 वर्ष है। लुकेश सिन्हा के खिलाफ आबकारी विभाग द्वारा 25 मई को कच्ची शराब मामले में कार्रवाई के दौरान 2 वर्दीधारी पुलिस तथा 4 बिना वर्दीधारी व्यक्तियों द्वारा हिंसात्मक मारपीट करते हुए अपने अभिरक्षा में लेकर जेल ले गए, जेल अभिरक्षा में भी उन्हें मानसिक प्रताड़ना देते हुए मारपीट की गई। उसके कारण उनका स्वास्थ्य इतना बिगड़ गया कि आबकारी विभाग के पुलिस अधिकारी द्वारा जिला अस्पताल बालोद चिकित्सा के लिए लाया गया तथा चिकित्सा के दौरान रात्रि को उनकी मृत्यु हो गई। उन्होंने आरोप लगाया कि यह एक प्रकार से षडयंत्रकारी हत्या प्रतीत होता है। लुकेश के परिवार में माता–पिता व पत्नी एवं दो छोटे बच्चे हैं। मृतक का पोस्टमार्टम मेडिकल विभाग द्वारा बोर्ड गठित कर किए जाने की मांग की गई है। कच्ची शराब पकड़ने की कार्रवाई के दौरान व आबकारी अभिरक्षा से जेल अभिरक्षा मृतक की मृत्यु की परिस्थिति व कार्यवाही में उपस्थित वर्दीधारी पुलिस तथा चार बिना वर्दीधारी व्यक्तियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने की मांग मृतक के परिजनों ने की है।

### आयुक्त ने दो ठेकेदारों को दिया अल्टीमेटम

**भिलाई।** नगर पालिक निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा ने सफाई ठेका लेने वाले दो ठेकेदारों को अल्टीमेटम दिया है। 24 घंटे के भीतर नाला सफाई कार्य शुरू कर 3 दिवस के भीतर कार्य अनिवार्य रूप से पूर्ण करना होगा। ऐसा नहीं करने पर निगम अनुबंध शर्तो के अनुरूप दण्डात्मक कार्यवाही करेगी। आयुक्त मोनिका वर्मा की मॉर्निंग विजिट ने नाला सफाई कार्य का सच सामने ला दिया। 15 दिन पहले दिए निर्देश की ठेकेदार अवहेलना करते नजर आए। दरअसल नाला सफाई कार्य ऐसे जगहों पर किया गया है जहां आवाजाही अधिक है। वही रिहायसी और आऊटर जगहों से होकर गुजरने वाली मुख्य नाली और नाला मलबा से पटा है। नाला में घास फूंस और झाड़िया उग आई है। इसे देख आयुक्त मोनिका वर्मा ने ठेकेदारों को कड़े शब्दों में नोटिस जारी किया है। बारिश शुरू होने से पहले कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी निर्माण कार्य को पूर्ण कराने लगातार बैठक ले रही है। साथ ही शहर व स्लम क्षेत्र में बारिश का पानी न रूके इसके लिए दिशा निर्देश दी है।

Health Town

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट

समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक

जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.) स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH) नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

एकता हॉस्पिटल एवं पैथालॉजी सेंटर
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल धमतरी
बिजली ऑफिस, नहर के पास, रायपुर रोड धमतरी मो : 7067576396, 8319272982
ESIC CARD सुविधा उपलब्ध
आईसीयू, एम्बुलेंस व डिजिटल एक्सरे सुविधाएं 24 घंटे उपलब्ध
हड्डी रोग
मस्तिष्क रोग
कार्डियोलॉजिस्ट
डेंटल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जरी
प्लास्टिक सर्जरी
यूरोलॉजी की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान भारत से इलाज की सुविधा उपलब्ध

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, गुरुवार 30 मई 2024

12 नगर के पास जंगलों में पहुंचा दंतैल, आसपास के ग्रामीणों में ...



10 समर कैंप में बच्चों की प्रतिभाओं में आ रहा निखार...





## खबर संक्षेप

### निषाद केंवट समाज की बैठक 2 जून को

**अंडा।** दुर्ग जिला निषाद केवट समाज द्वारा भरदा चंगोरी परिक्षेत्र में युवा प्रकोष्ठ द्वारा समाजिक जन जागरूकता अभियान चलाई जाएगा। युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष विरेन्द्र निषाद ने बताया कि परिक्षेत्र के सभी गांव में जाकर समाज के युवा महिला बुजुर्ग को सामाजिक, राजनीति एवं समाज संगठन को मजबूत करने में परिक्षेत्र के युवा प्रकोष्ठ द्वारा समाज के सभी 15 गांवों में प्रत्येक रविवार को सामाजिक जन जागरूकता अभियान क्षेत्र में चलाया जाएगा। पहली बैठक ग्राम भोथली में 2 जून को होगी। कार्यक्रम में परिक्षेत्र अध्यक्ष हिन्छा राम पारकर, उपाध्यक्ष सियाराम निषाद, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष केशव निषाद, ,जिला सह सचिव भीम सिंह निषाद, युगल किशोर सहित भरदा चंगोरी परिक्षेत्र के युवा प्रकोष्ठ के समस्त पदाधिकारी शामिल होंगे।

### पति और सास गिरफ्तार

**भिलाई।** चरित्र पर शंका से परेशान होकर बहु ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने पति और सास को गिरफ्तार किया है। दोनो के खिलाफ धारा 306, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि स्टेशन मरोदा शंकर पारा छाया उर्फ मधु ने 7 नवम्बर 2023 को फांसी लगाकर आत्मा हत्या कर ली थी। जिसकी कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की उपस्थित में शव पंचनामा कार्रवाई कर पीएम कराया गया। मृतिका के परिजनों व गवाहों के बयान भी दर्ज कराए गए थे। मृतिका छाया उर्फ मधुटंडन 22 वर्ष का पति शंकर पारा स्टोशन मरोदा नेवई निवासी रूपेन्द्र उर्फ गोलू टंडन , सास ममता टंडन के द्वारा आये दिन मृतिका के चरित्र को लेकर प्रताडित किया करते थे। सायबर सेल से घटना दिनांक के पूर्व का सीडीआर मिलने के बाद उसे वलोकन करने पर घटना के एक दिन पूर्व रात में पति, सास के प्रताडना से तंग आकर फांसी लगाना सही पाया गया। पुलिस ने पति और सास को गिरफ्तार कर न्यायालय न्यायिक रिमांड के लिए पेश किया गया।

### प्राणघातक हमला करने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** पुरानी रंजिश के चलते प्राणघातक हमला करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 307, 294, 506 के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि कृष्णा नगर सुपेला निवासी राजेश निषाद अपने घर के पास खडा था। इस दौरान मोहल्ले का पिंटु उर्फ डिगेश धनकर आकर पुरानी रंजीश को लेकर, कैची से पीड़ित पर प्राणघातक हमला कर फरार हो गया था। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए सुपेला टीआई राजेश मिश्रा और उनकी टीम जुटी रही। पुलिस ने आरोपी डिगेश कुमार धनकर उर्फ पिंटु को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में हमला करना आरोपी ने स्वीकार किया।

### महिला की फांसी को लेकर थाने में जमकर हंगामा

**भिलाई।** महिला के आत्महत्या मामले में पुलिस ने ससुरालवालों ने भिलाई नगर थाने में जमकर हंगामा किया। आरोप लगाया कि नाबालिग ने वीडियों को वायरल किया। बदनामी के डर से महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना को लेकर मायके वालों ससुराल वाले महिला को काफी प्रताड़ित करते थे। इसकी शिकायत पुलिस से की गई है। मायके वाले ने आरोप लगाया है कि मरने से पहले बेटी को उसे बुरी तरह पीटा गया। उसके प्राइवेट पार्ट तक चोट के निशान हैं। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही आत्महत्या या फिर हत्या यह स्पष्ट हो जाएगा। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सोमवार शाम को सूचना मिली की महिला ने अपने घर में फांसी लगा ली है। पुलिस मौके पर पहुंची। शव को फंदे से नीचे उतारा गया। पंचनामा कार्रवाई करके शव को पीएम के लिए भेज दिया।

# नौतपा के बीच खेती की तैयारी, सोसायटी में खाद-बीज लेने पहुंचने लगे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

एक ओर जहां आम लोग नौतपा के दौरान तेज धूप और भीषण गर्मी के कारण घर से नहीं निकल पा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर अन्नदाता किसान अभी से खरीफ फसल की तैयारियों में जुट गए हैं। किसान खेती-किसानी का कार्य प्रारंभ हो चुका है। किसान अब अपने खेत की ओर रुख करने लगे हैं। इस बीच समितियों में खाद-बीज भी पहुंच चुका है, जिसे लेने किसान वहां पहुंचने लगे हैं। खाद-बीज के लिए सहकारी सोसाइटियों में किसानों की भीड़ उमड़ने लगी है। बता दें कि अक्षय तृतीया पर पूजा-पाठ के बाद किसान खेती-किसानी के कार्य में जुट जाते हैं। वहीं, बदलते मौसम के बीच किसानों ने एक बार फिर अपने खेतों की ओर कूच करना शुरू कर दिया है। वृत्ताकार सेवा सहकारी समिति अंडा में खाद बीज लेने पहुंचे किसानों ने बताया कि खेती-किसानी का कार्य शुरू हो चुका है। इस सोसायटी के अंतर्गत ग्राम अंडा, विनायकपुर, चिंगरी और जंजगिरी चार गांवों के किसान आते हैं। खाद बीज लेने पहुंचे किसानों में राधेश्याम चन्द्राकर, तिलक चंद्राकर, कृष्णा चंद्राकार, रोशन देशमुख, संतू निर्मलकर, टिकेश्वर देशमुख, यशवंत देशमुख, पंकज चंद्राकर, बिरेन्द्र साहू सहित अन्य किसान शामिल थे। ग्राम अंडा से पहुंचे किसान राधेश्याम चंद्राकर ने बताया कि अभी सोसायटी में खाद बीज मिल रहा है और खेती का काम शुरू कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि समितियों में अभी सभी प्रकार की खाद उपलब्ध हैं। किसी भी प्रकार की समस्या नहीं है।

## खरीफ की तैयारियों के लिए समितियों में खाद-बीज का वितरण प्रारंभ






**खेतों की सफाई में जुटे किसान**

उन्होंने कहा कि अब पूरी आस मौसम से ही बंधी है। उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी के बीच बारिश और लगातार मौसम में हो रहे बदलाव के कारण किसानों की चिंता बढ़ी हुई है। लेकिन, इस बीच आने वाली फसल के लिए तैयारी भी जारी है और अपने खेतों की सफाई और मेड़ बनाने के काम में जुटे हुए हैं।

### ये है खाद-बीज की कीमत

मिली जानकारी के अनुसार डीएपी 1350 रुपये, यूरिया 266.50 रुपये, राखड़ खाद 535 और पोटाश 1635 रुपये में किसानों को उपलब्ध हो रहा है। वहीं, बीज की बात की जाए तो सरना धान 3400, राजेश्वरी 3400, महामाया धान 3400, एक हजार एक धान 3400, पतला धान 1010-3900 किसानों को उपलब्ध कराया जा रहा है।

**कार्रवाई :** विकासखंड मुख्यालय स्थित कंपोजिट दुकान का मामला

# दुकान से भारी मात्रा में शराब बेचने की शिकायत, विभागीय जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

- बड़ी मात्रा में शराब ले जाने का वीडियो वायरल होने के बाद विभाग ने जारी किया जांच आदेश

ब्लॉक मुख्यालय स्थित कम्पोजिट मदिरा दुकान से कुछ चुनिन्दा व्यक्तियों को लगातार निर्धारित मात्रा से अधिक में शराब बेचने की शिकायत के बाद विभाग ने जांच टीम का गठन किया है। शराब दुकान से कोचियों एवं क्षेत्र मे संचालित ढाबा संचालकों के लोगों को थोक में शराब दिये जाने की शिकायत लगातार आ रही है।

शिकायतों के बाद भी विभाग द्वारा उस पर अंकुश लगाने एवं कार्रवाई नहीं किए जाने पर लोगों ने सोशल मीडिया का सहारा लिया। थोक में शराब ले जाते हुए लोगों का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में अपलोड कर दिया। ऐसे ही एक वायरल वीडियो में दो व्यक्तियों द्वारा मोटर सायकल के माध्यम से भारी मात्र में शराब परिवहन करते दिखाई दे रहा है। वहीं, शराब परिवहन करने वालों का कहना है कि वे प्रतिदिन 50 से 60 पौवा या उससे ज्यादा शराब ले जाते हैं। वह व्यक्ति अपने आप को ग्राम धनोरा स्थित एक ढाबा का कर्मचारी बता रहा है। उधर, वीडियो जारी होने के बाद विभाग द्वारा जाँच के लिए आदेश जारी कर दिया गया है।



### जांच टीम गठित

वायरल वीडियो के आधार पर आदेश जारी कर जाँच टीम गठित की गई है। जांच के दौरान जांच टीम को शराब दुकान के सीसीटीवी फुटेज की जांच करने एवं धनोरा स्थित शराब दुकान की जांच कर संबंधित कर्मचारी से पूछताछ करने कहा गया है।

**- राजेश शर्मा,** आबकारी अधिकारी

### सरकार ने घटाई है एक साथ शराब देने की सीमा

उल्लेखनीय है कि प्रशासन द्वारा प्रतिव्यक्ति शराब क्रय करने की सीमा सोलह पौवा से घटाकर चार पौवा कर दी गई है। अब देशी मदिरा दुकानों में एक व्यक्ति को मात्र चार पौवा या एक बोतल शराब ही काउन्टर के माध्यम से दिया जा रहा है। इसके कारण मंदिरा दुकानों में शराबियों को घंटों लाइन में लगना पड़ता है, तब कहीं जाकर उन्हें शराब की बोतल मिलती है। वहीं, दूसरी ओर शराब की अवैध बिक्री करने वालों को बहुत ज्यादा मात्रा में शराब की बोतलों का जखीरा दिया जाना और शराब की बोतलों को ढाबा संचालक के लिए लेकर जाना बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है है।

# जेल में बिगड़ी कैदी की तबियत, मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- महुआ शराब की बिक्री के आरोप में जिला जेल में बंद था लुकेश

जिला जेल में बंद कैदी की अचानक तबियत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। घटना मंगलवार की देर रात करीब 11 से 12 बजे के बीच की बताई जा रही है। कैदी लुकेश सिन्हा 34 वर्ष को 25 मई को महुआ शराब की बिक्री के आरोप में आबकारी विभाग की टीम ने गिरफ्तार कर कार्रवाई करते हुए जेल दाखिल किया था।

जेल में बंद कैदी लुकेश सिन्हा की गिरफ्तारी के दो दिन बाद अचानक तबियत बिगड़ गई, जिसे दो दिन तक लगातार जिला अस्पताल ले जाया गया और उपचार के बाद जेल दाखिल किया गया। मंगलवार की ▶▶| शेष पेज 10 पर

### आरोप गलत

नियमानुसार कार्रवाई कर उसे जेल दाखिल किया गया है। परिजनों द्वारा लगाया गया मारपीट का आरोप बिल्कुल गलत है।

**- रोशन बंजारे,** आबकारी उपनिरीक्षक, डौंडीलोहारा

### सेहत बिगड़ने पर ले गए अस्पताल

25 और 26 तक वह ठीक था। 26 मई की रात वह ज्यादा बोलने लगा, उसे नींद नहीं आ रही थी, तो हमें लगा कि उसे नशा नहीं मिलने के कारण ऐसा कर रहा होगा। अस्पताल में उपचार के बाद वह नॉर्मल हो गया। फिर घटना वाली रात को उसका तबियत बिगड़ गई, जिसके बाद उसे अस्पताल ले गए, जहां 12 बजे के करीब उसकी मौत हो गई।

**- शोभारानी, जेलर,** बालोद जिला जेल।

### जेल में बंद लुकेश से मिलने नहीं दिया

मृतक लुकेश सिन्हा के भाई द्वारिका सिन्हा, पिता भारत लाल तथा ग्रामीण प्रताप सोनबरसा ने कहा कि आबकारी विभाग द्वारा लुकेश सिन्हा पर कार्रवाई करते हुए जेल दाखिल कर दिया गया। जब लुकेश सिन्हा से मुलाकात करने जेल पहुंचे, तो जेल में मिलने नहीं दिया गया। जेल प्रशासन द्वारा उसे अस्पताल में होना बताया और जब अस्पताल पहुंचे, तो उसे जेल भेज दिया गया था। जब पुनः जेल पहुंचे तो वहां मिलने नहीं दिया गया। 25 मई को गिरफ्तार होने से पहले परिजनों ने उसे जीवित व स्वस्थ हालत में देखा था, उसके बाद 29 मई को सुबह लुकेश को मृत अवस्था में देखा।

# ट्रेन से कटने पर युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा



- कुसुमकसा रेलवे स्टेशन से 500 मीटर दूर बोगदा पुल के पास की घटना

नगर के तालाबपारा निवासी युवा सुरेंद्र दास मानिकपुरी (36वर्ष) पिता मेहतर दास मानिकपुरी की ट्रेन से कटने से मौत हो गई। घटना कुसुमकसा रेलवे स्टेशन से बालोद की ओर 500 मीटर दूर बोगदा पुल के पास बुधवार सुबह लगभग 10.30 बजे की बताई जा रही है। दुर्ग से दल्लीराजहरा जा रही डेमो ट्रेन की चपेट में आने से मृतक का सिर धड़ से कटकर अलग हो गया, वहीं उसका एक हाथ भी शरीर से अलग हो गया। वहीं, उसका मोबाइल रेल की पटरी के पास ही पड़ा था।

घटना की जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी राजहरा सुनील तिर्की सदलबल घटनास्थल पहुंचे और मृतक के संबंध में जानकारी ली। उसके बाद पुलिस कर्मियों ने क्षतविक्षत पड़े शरीर के टुकड़ों को एकत्र कर पोस्टमार्टम के लिए चिखलाकसा मर्च्युरी भिजवाया। वहीं, पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक सुरेंद्र कुसुमकसा में ग्राहक सेवा केंद्र का संचालन करता था। वहां बैंक का लेनदेन, आधार कार्ड से पैसा निकालने का कार्य करता था। बताया जा रहा है कि बुधवार सुबह वह घर से अपनी मोटर साइकिल सीजी 04 एम 0386 से निकला था। उसकी मोटर साइकिल घटनास्थल के पास रेलवे बोगदा के ऊपर मुख्य मार्ग के किनारे खड़ी थी। मृतक की लगभग दो माह की लड़की है। राजहरा थाना में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

# दुपहिया चालकों को दी हेलमेट लगाने की समझाइश





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार बालोद जिले में सड़क दुर्घटना के प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं।

इसके अंतर्गत राजस्व, पुलिस, परिवहन एवं अन्य संबंधित विभाग के द्वारा ओव्हरलोडिंग एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने वालों के विरूद्ध. कार्रवाई के अलावा दो पहिया वाहन चलाने वालों को अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने तथा निर्धारित गति से ही वाहन चलाने की समझाइश दी जा रही है। इसके अंतर्गत बुधवार को अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक सहित जिले के अन्य अधिकारी–कर्मचारियों ने बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन चलाने वालों को रोककर उन्हें अनिवार्य रूप से वाहन चलाने की समझाइश दी। इस दौरान अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक ने जिला मुख्यालय बालोद के पेट्रोल पंप में पहुंचकर दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट उपयोग नहीं करने से होने वाले हानि के संबंध में जानकारी दी और उन्हें अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने तथा निर्धारित गति से ही वाहन चलाने को कहा।

# स्टेडियम में मिली युवक की लाश, दूसरे ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

- अंचल के दो अलग-अलग गांवों में दो लोगों की मौत

अंचल के दो गांवों में दो लोगों की मौत हो गई। पहली घटना में ग्राम कोटेरा निवासी धरमपाल उम्र 36 वर्ष मंगलवार शाम लगभग पांच बजे ग्राम के ही मिनी स्टेडियम में मृत पाए गए।

लोगों की उधर आवाजाही हुई तब उसे अचेतावस्था में देखा व परिजनों की सूचना दी गई। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मौत का कारण अभी अज्ञात है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।फिलहाल मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया गया है। उधर, दूसरी घटना में समीपस्थ ग्राम मड़यिकट्टा निवासी जनकलाल मंडावी 40 वर्ष ने बुधवार को सुबह लगभग साढ़े सात बजे अपने घर के एक कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। घर पर वह अपनी माँ के साथ ही रहता था। घटना से पहले लगभग 7 बजे अपनी मां से बात करने के बाद अपने कमरे में गया और अंदर से बंद करके फांसी पर झूल गया। काफ़ी देर तक बाहर नहीं निकलने पर व आवाज देने के बाद भी किसी भी तरह से प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर उसकी माँ ने पड़ोसियों को बुलाया। किसी तरह दरवाजा खोलकर देखा, तो उसका शरीर फंदे पर लटक रहा था।विवेचना अधिकारी एएसआई धनेलिया ने बताया कि मौत का कारण अभी अज्ञात है। मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया गया है।

**संयुक्त जिला कार्यालय में किया गया सम्मानित**

# प्रतिभावान दृष्टिबाधित विद्यार्थियों का कलेक्टर ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- विशेष आवासीय प्रशिक्षण केन्द्र कचान्दुर में अध्ययनरत थे खेमलाल व प्रियांशु
- 12वीं बोर्ड में प्रियांशु ने 82 और खेमलाल ने पाए 77 प्रतिशत अंक





कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय अपने कक्ष में जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के दिव्यांग विद्यार्थियों के विशेष आवासीय प्रशिक्षण केन्द्र कचान्दुर के विद्यार्थी खेमलाल यादव एवं प्रियांशु सोनकर को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

उल्लेखनीय है कि विशेष आवासीय प्रशिक्षण केन्द्र कचान्दुर के विद्यार्थी खेमलाल यादव कक्षा 12वीं कला संकाय में 77 प्रतिशत तथा प्रियांशु सोनकर 82 प्रतिशत अंक अर्जित कर उत्तीर्ण हुए हैं। दोनों दृष्टि बाधित विद्यार्थियों के लिए यह बहुत ही महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस अवसर पर दृष्टि बाधित विद्यार्थी खेमलाल यादव ने मौके पर उपस्थित अधिकारी–कर्मचारियों के सामने सु–मधुर गीत की प्रस्तुति देकर सभी को भावविभोर कर दिया।

कलेक्टर चंद्रवाल ने दृष्टि बाधित विद्यार्थी खेमलाल सु–मधुर गीत की प्रस्तुति तथा उनके उत्कृष्ट प्रतिभा की भूरी–भूरी सराहना की। कलेक्टर ने इन दोनों विद्यार्थियों को उनके द्वारा निर्धारित किए गए लक्ष्य के संबंध में जानकारी ली। दृष्टिबाधित विद्यार्थी खेमलाल ने गायक बनने तथा प्रियांशु सोनकर ने शिक्षक बनने की बात कही। कलेक्टर चन्द्रवाल ने इन दोनों दृष्टि बाधित विद्यार्थियों की उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हे हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार दरवेश आनंद, समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक अजय गेडाम एवं दृष्टि बाधित शिक्षक अरविन्द शर्मा सहित इन दोनों विद्यार्थियों के परिजन उपस्थित थे।

हरिभूमि पाठक सूचना
बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

# नगर के पास जंगलों में पहुंचा दंतैल, आसपास के ग्रामीणों में दहशत

## वन विभाग ने आसपास के गांवों के लिए जारी किया अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

■ जंगल की ओर नहीं जाने तथा शाम 6 बजे के बाद घर से नहीं निकलने की सलाह

नगर के समीप के जंगलों में दंतैल हाथी की उपस्थिति से आमजन और ग्रामीण जहां दहशत में है, वहीं दूसरी ओर वन विभाग द्वारा गांव-गांव में कोटवारों के माध्यम से मुनादी करवाकर सतर्क रहने को कहा जा रहा है। मुनादी के माध्यम से किसी भी व्यक्ति जंगल की ओर नहीं जाने, संध्या 6 बजे के बाद घर से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी जा रही है। वहीं, दंतैल हाथी की उपस्थिति से वन विभाग की पूरी टीम अलर्ट हो गई है। दल्लीराजहरा वन परिक्षेत्र के कर्मचारी रात्रि ड्यूटी कर रहे हैं।





रतजगा कर आम जनों को जागरूक कर रहे हैं। इस बीच दंतैल हाथी ने ग्रामीण क्षेत्र के मकान, आवास खेत खलिहान, फसल का नुकसान किया है। ग्रामीण दहशत की स्थिति में है, हालांकि जनहानि अब तक नहीं हुई है, परंतु हाथी आर्थिक हानि लगातार कर रहा है। हाथी एमई-3 की उपस्थिति का वर्तमान वर्तमान लोकेशन कक्ष क्र. आरएफ 71 बताया जा रहा है।

वहीं, ग्राम मुल्ले, मालगांव मुल्लेगुड़ा, मड़वापथरा हर्राठेमा, रानीमाई, नर्रा, वनपंडेल तथा आमाबाहरा को अलर्ट पर रखा गया है। दल्लीराजहरा वन परिक्षेत्र अधिकारी ने कहा कि कोई भी जंगल न जाए, हाथी विचरण क्षेत्र से रात्रि में सफर न करें, सतर्क रहें सुरक्षित रहें। एक दूसरे को सचेत करें। हाथी दिखने पर नजदीकी वन कर्मचारी को सूचना दें।

### इन गांवों के लिए अलर्ट जारी

सोमवार और मंगलवार को सुबह से शाम अधिकांश समय तक दंतैल हाथी का लोकेशन हर्राठेमा सहायक परिक्षेत्र के परिसर नैकिनकुआं में रहा। इस दौरान धान फसल को रौंदकर नुकसान पहुंचाया। हालांकि कितना नुकसान हुआ है, इसका आंकलन होना बाकी है। सुरक्षा के लिहाज से वन विभाग की ओर से खल्लारी, कुम्हारपारा, सलईटोला, धोबनी, वनपंडेल, हाथीगोर्रा, टेकाढोर्रा, घोटिया , मड़वापथरा मालगांव, मुल्ले,आमाबाहरा, मुल्लेगुड़ा सहित आसपास गांव के लोगों के लिए अलर्ट जारी किया गया है। हाथी के पैर के निशान को देखकर लोगों को गांव से बेवजह बाहर न निकलने की अपील की जा रही है। गुरूर, बालोद के अलावा दल्लीराजहरा रेंज के कर्मचारी भी सुबह से रात तक निगरानी कर रहे है।

## खबर संक्षेप

### निकुम में बच्चों को दिया जा रहा कम्प्यूटर का निःशुल्क प्रशिक्षण

**बालोद/निकुम।** एसआर कम्प्यूटर इन्फोटेक निकुम भाठापारा द्वारा ग्रामीण स्कूली, कॉलेज के बच्चों को निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण शिविर में बेसिक कोर्स प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ग्रामीण बच्चों की प्रतिभा निखारने, डिजिटल दक्षता बढ़ाने प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बिट्टु साहू ने बताया कि प्रशिक्षण के बाद सभी बच्चों को बेसिक दक्षता प्रमाण पत्र दिया जायेगा, जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों से बच्चे आ रहे हैं।

### हाईवा की ठोकर से बाइक सवार की मौत

**भिलाई।** हाइवा के चपेट में आने से बाइक सवार की मौत होने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। उतई टीआई मनीष शर्मा ने बताया कि हाइवा सीजी 07 एजेड 8659 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार को चपेट में लिया। हादसे में बाइक सवार थनौद बालोद निवासी लक्ष्मीकांत साहू की मौके पर मौत हो गई। घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। घटना उर्त थाना क्षेत्र के ग्राम खमहरिया मोड के पास की है। हादसे की खबर लगते ही मंगलवार की सुबह ग्रामीणों ने सड़क पर बैठकर बैठकर चक्काजाम कर दिया। खबर लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों का आरोप है कि कई वर्षों से आसपास के रहवासियों द्वारा स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग की जा रही है। इसे लेकर कोई भी जनप्रतिनिधि ध्यान नहीं दिया करते है। लगातार यहां हादसा हो रहा है। जिसे रोकने के लिए उपाय तक नहीं किया गया।

### कटर से हमला करने वाले आरोपियों का निकाला जुलूस

**भिलाई।** पुरानी रंजिश के चलते युवकों ने गुपचुप चाट बेचने वाले युवक पर कटर करने वाले युवको को गिरफ्तार किया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 120 बी, 307, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। लोगों में आरोपियों के खौफ खत्म करने जुलुस भी निकाला गया। छावनी सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि जेपी चौक आदर्श नगर केम्प 1 निवासी संजय वर्मा गुपचुप चाट बेचने का काम करता है। बैकुण्ठधाम मंदिर के सामने, छठ तालाब के पास ठेला में गुपचुप चाट का दुकान लगाया था। इस दौरान रात 9.30 बजे पुरानी रंजिश के चलते आरोपी इरफान उर्फ गप्पु ने जान से मारने की नियत से अपने दोस्त जे पवन उर्फ ब्रुस्ली, गौतम सरकार को भेजा था।

## राहत

### 24 करोड़ 33 लाख रूपए की लागत से हो रहा है निर्माण

# किसानों के खेतों की प्यास बुझाएगा खारुन का पानी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

खारुन नदी का पानी शुक्लाडीह (किकिरमेटा) के पास बन रहे लिफ्ट चेंबर से 7500 मीटर पाइप में प्रवाहित होकर टेमरी के पास गुजर रही सुपकोना माइनर में आएगा। 45 लघु सिंचाई निर्माण योजना के तहत 24 करोड़ 33 लाख 37 हजार रुपए लागत से निर्मित होने वाले इस कार्य के लिए शासन ने निर्माण पूर्णता की अंतिम तिथि 4 सितंबर 2025 रखी है। हालांकि, एसडीओ सुनील कुमार पांडरे ने मार्च 2025 के पहले पूर्ण हो जाने की प्रबल संभावना व्यक्त की है।

इस योजना के पूर्ण हो जाने से खारुन नदी का पानी किसानों के खेतों का प्यास बुझाएगा। वहीं, गांवों के तालाब लबालब होंगे, जिससे जल स्तर बढ़ेगा। खारुन नदी से नहर में आने वाले पानी की खबर ने किसानों, जवानों, महिलाओं सभी लोगों को रोमांचित कर दिया है। कौही एनीकेट से नहर में पानी आ रहा, केसरा एनीकेट से योजना में सक्रियता है।

### खारुन नदी का पानी अब टेमरी माइनर में प्रवाहित होगा

खारुन नदी से टेमरी सिपकोना माइनर तक पाइप लाइन कार्य द्रुत गति से पूर्ण करने विभाग सक्रिय हो चुका है। खड़कपुर टाटा से बड़े बड़े मजबूत ढाई फीट गोलाई वाले साढ़े 5 फीट पाइप से भरे ट्रक, रोड किनारे पाइप अनलोड कर लौटने लगे हैं। टेमरी सिंचाई विभाग में सेवा दे चुके रामदास मानिकपुरी ने बताया कि खारुन नदी से सिपकोणा माइनर में पानी पहुंचना किसानों के लिए वरदान साबित होगा।

### नदी में 15 फीट गहरा कुआं निर्माण कार्य में आई तेजी

विभाग के एसडीओ सुनील पांडरे ने बताया कि खारुन नदी में बने सिलौटी एनीकेट के पानी को टेमरी तांदुला माइनर में लाने के लिए मार्च 2024 में एग्रीमेंट हुआ है और नदी किनारे 15 फीट गहरा बड़ा कुआं का निर्माण शुरू हो चुका है। इस वेल से पानी सप्लाई के लिए पंप हाउस का निर्माण किया जाएगा और 7500 मीटर बिछाए जाने वाले पाइप लाइन से माइनर तक पानी पहुंचाया जाएगा। एसडीओ ने बताया कि इसी तरह केसरा एनीकेट का पानी भी तांदुला माइनर में पहुंचाया जाएगा और कौही एनीकेट का पानी केनाल के माध्यम से माइनर में पहुंच रहा है।

### मार्च 2025 तक खारुन नदी का पानी नहर में आने की संभावना

एसडीओ सुनील पांडरे ने बताया कि टेमरी कौही और केसरा एनीकेट से तांदुला माइनर में खारुन नदी का पानी आने से किसानों की समस्या और पानी नहीं मिलने की शिकायत दूर हो जाएगी। श्री पांडरे ने कहा कि मार्च 2025 तक सभी एनीकेट से तांडुला के तीनों माइनर का लाभ किसानों को मिलना प्रारंभ होने की प्रबल संभावना है। टेमरी सिंचाई विभाग पूर्व अध्यक्ष खिलावन अग्रवाल ने कहा कि विभाग के एसडीओ सुनील पांडरे टेमरी बंगला में रह चुके हैं। हम लोग उनकी सक्रिय कार्यशैली से परिचित हैं और वे इस क्षेत्र के किसानों की समस्या से वाकिफ हैं। नदी में कुआं काम गतिमान है पाइप आना प्रारंभ हो गई है। पंप हाउस और ट्रांफार्मर का काम होना है। कार्य को द्रुत गति देने में कार्यपालन यंत्री सुरेश पांडे, उपयंत्री राजीव सुखदेव और गौरव सिंग सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

# ब्लॉक मनरेगा मेट संघ की बैठक में कई विषयों पर चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

■ मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर बताई समस्या

मां दंतेश्वरी प्रांगण में ब्लॉक मनरेगा मेट संघ डौंडीलोहारा की मासिक बैठक हुई। बैठक में संघ के सदस्यों ने अपनी समस्याएं रखीं, जिन्हें संघ के माध्यम से मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ज्ञापन के माध्यम से संज्ञान में रखा गया। ज्ञापन में बिना कारण के मजदूरी भुगतान में कटौती, मेटों को वाउचर से भुगतान, मेट पंजीयन के लिए दस्तावेज जमा किया, तथा जिस पंचायत में बिना मेट के मनरेगा का कार्य हो रहा है, उसको संज्ञान में लेना एवं मेट साथियों से पंजीयन करवा कर ब्लॉक मनरेगा मेट संघ से जुड़ने आह्वान किया गया। बैठक के दौरान बताया गया कि प्रति माह की 28 तारीख को ब्लॉक मनरेगा मेट संघ डौंडीलोहारा की मासिक बैठक मां दंतेश्वरी प्रांगण डौंडीलोहारा में होती है। बैठक में विष्णु कोठारी अध्यक्ष, कीर्तन देवांगन उपाध्यक्ष, ढाल साहू सचिव, ओंकार साहू कोषाध्यक्ष, प्रीतम साहू सहसचिव मीडिया प्रभारी संतलाल साहू संगठन सचिव, नकुल चंद्राकर, अश्वनी साहू, पुरंजन साहू ,नेहरू कोसमा ,केशवराम गांवरे, विशाल देवांगन, रेशमा पटेल, अनीता शांडिल्य, मीरा निषाद, रामेश्वरी, लता सांथर, शिव प्रसाद नेताम, राजेंद्र राणा, हलधर खांडेकर, पुनीत भूआर्य, संतोष पाटिल, गिरधर देवांगन, रमेश सोरी, सुमन कुमार रामविलास, रोशनी चंद्राकर, पदमिनी साहू, नोमेश्वरी, सोहन कोकिला, पेरमू राम नायक, किरण यादव, डिसुला बाई, प्रमिला, भूषण बांसुरिया, पंचराम कमरिया सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### ग्राम पंचायतों में चला माहवारी स्वच्छता प्रबंधन जागरुकता अभियान

# सेनेटरी पैड उपयोग करने व उनके सुरक्षित निपटान के तरीके बताए

**डौंडीलोहारा।** विकासखंड के ग्राम पंचायतों में विश्व माहवारी स्वच्छता प्रबंधन दिवस 28 मई को मनाया गया। इस बार स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) ने काफी मेहनत कर किशोरी बालिकाओं व महिलाओं को सेनेटरी पैड उपयोग करने व उनके सुरक्षित निपटान के तरीके बताए। विकास खंड के ग्राम पंचायतों में सांस्कृतिक कला मंच, ग्राम पंचायत भवन, सामुदायिक भवन, पेड़ के छांव में माहवारी स्वच्छता प्रबंधन विषय को लेकर खुलकर चर्चा की गई।




इसका मुख्य उद्देश्य किशोरी बालिकाओं व महिलाओं के बीच माहवारी स्वच्छता प्रबंधन को बढ़ावा देना है। जागरूकता के अभाव में माहवारी स्वच्छता प्रबंधन को लेकर तरह तरह की भ्रांतियां फैली हुई थी जिसे दूर करने स्वच्छताग्रहियों की टीम चरणबद्ध तरीके से जागरुकता अभियान चला रही है।28 मई को नवतपा की भीषण गर्मी में भी अपने जुनून व जज्बे के चलते किशोरी बालिकाओं व महिलाओं की संगोष्ठी व चौपाल का आयोजन कर व्यक्तिगत स्वच्छता तथा व्यवहार परिवर्तन हेतु चर्चा किया गया। ग्राम पंचायत रेंगनी की स्वच्छाग्रही समूह की अध्यक्ष श्रीमती रमन बावरे ने जिला पंचायत बालोद के कार्यक्रम में शामिल होकर अपने ग्राम में चौपाल लगाकर किशोरी बालिकाओं व महिलाओं को व्यक्तिगत स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। मिडिल व हाईस्कूलों के बालिकाओं ने भी इस कार्यक्रम में शामिल होकर अपने अनुभवों को साझा किया। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा.) के संकुल समन्वयक गौतम सिन्हा ने बताया कि माहवारी श्राप नहीं बल्कि एक वरदान है। बिना माहवारी (पीरियड) का कोई भी महिला मां नहीं बन सकती है। मां का पवित्र दर्जा प्राप्त करने के लिए पीरियड का आना आवश्यक है। इसकी खुल कर चर्चा होनी चाहिए। यौन जनित रोगों से बचने सेनेटरी पैड का उपयोग करें। पुरुषों से अपील करते हुए कहा कि हर पुरुष महिलाओं को सम्मान देते हुए अपनी बेटी, पत्नी, बहू के लिए पीरियड के दौरान सेनेटरी पैड लाकर देने में मदद करें। इस दौरान कमजोरी महसूस होता है। उनके सेहत का ध्यान रखें। कठिन परिश्रम करने से रोके। पौष्टिक आहार उपलब्ध कराना चाहिए। प्रशिक्षित या मास्टर ट्रेनर के माध्यम से जानकारी प्राप्त करें। गांव गांव में मितानीन, आंगन बाड़ी कार्यकर्ताओं, स्वच्छाग्रहियों के द्वारा लगातार माहवारी स्वच्छता प्रबन्धन विषय पर चर्चा करती हैं। जिससे अब महिला व पुरुषों के बीच पीरियड पर चर्चा होना शुरू हो रहा है। ये एक अच्छी पहल है।

**राज्य की 58 प्रतिशत महिलाएं ही साफ व सुरक्षित तरीके से करती हैं माहवारी का प्रबंधनः** यदि हम आंकड़े की बात करें तो राज्य की 58 प्रतिशत महिलाएं ही साफ व सुरक्षित तरीके से माहवारी प्रबंधन करती है। शेष महिलाओं के लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। 28 मई को डौंडीलोहारा विकासखंड के शतप्रतिशत ग्रामों में माहवारी स्वच्छता प्रबंधन विषय पर खुल कर चर्चा की गई।

# ग्राम मोखा के कई घरों में हुआ गायत्री यज्ञ...



**गुरूर।** ग्राम मोखा के गायत्री परिवार के आव्हान पर ग्राम के कई ग्रामीणों के घरों में यज्ञ का आयोजन किया गया। संपूर्ण भारत में गायत्री शक्तिपीठ हरिद्वार के आव्हान पर संस्कृति को विश्व संस्कृति बनाने और सबकी सुख-शांति व उत्तम स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए 23 मई से चार दिवस तक घरों में यज्ञ किया गया। अपने घरों में यज्ञ करने के लिए गायत्री यज्ञ पत्रक वितरित किया गया। इसी क्रम में अपने घरों में यज्ञ स्वयं करने के लिए गृह ग्राम मोखा में भी गृहे-गृहे यज्ञ का आयोजन प्रत्येक घरों में करने के लिए आमंत्रण दिया गया। आमंत्रण स्वीकार करते हुए गायत्री परिवार और गांव की नागरिकों द्वारा गृहे गृहे यज्ञ किया गया।

### 150 उद्यानों की सफाई का प्लान तैयार

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत लगभग 150 उद्यानों में से प्रतिमाह लगभग 18 से 20 उद्यानों का कार्य योजना तैयार कर मेंटेनेंस कार्य किया जा रहा है। ताकि वर्षाऋतु को ध्यान में रखते हुए सम्पूर्ण उद्यानों का मेटेंनेंस कार्य पूर्ण हो सके। निगम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत 150 उद्यानों में से प्रतिमाह लगभग 18 से 20 उद्यानों का कार्य योजना तैयार कर मेंटेनेंस कार्य किया जाना है। उद्यानो की साफ सफाई का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने
पता - धमतरी. मो.नं. : 9993010732
लकवा, शरीर में होने वाले सभी प्रकार के दर्द, साइटिका, नस रोग
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

## शालेय शिक्षक संघ ने शासन से की मांग

# भर्ती पदोन्नति नियम में बदलाव के लिए समिति में शिक्षक एलबी भी हो शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शिक्षा विभाग की ये कैसी समिति, जिसमें लगभग 2 लाख शिक्षक (एल.बी.) संवर्ग को प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया। शालेय शिक्षक संघ ने भर्ती पदोन्नति नियम में बदलाव के लिए समिति में शिक्षक एलबी.संवर्ग के प्रतिनिधि को भी शामिल करने की मांग की है।

शालेय शिक्षक संघ ने कहा कि भर्ती पदोन्नति नियम की संशोधन समिति के सभी सदस्य नियमित शिक्षक हैं, जबकि प्रदेश में अब सिर्फ लगभग 15000 नियमित शिक्षक ही बचे हैं, जबकि स्कूलों में एलबी संवर्ग से लगभग 2 लाख शिक्षक हैं।



गौरतलब है कि प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा विभाग द्वारा भर्ती पदोन्नति नियम में संशोधन के लिए एक समिति का गठन कर आदेश जारी किया गया। आदेश के जारी होते ही प्रदेश के शिक्षकों में बवाल मच गया, क्योंकि इस संशोधन समिति के सभी सदस्य नियमित शिक्षकों के समूह से हैं।

इसमें शिक्षक एलबी संवर्ग का एक भी प्रतिनिधि शामिल नहीं है। छग शालेय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने इसे प्रदेश के लगभग 2 लाख शिक्षक एलबी संवर्ग की उपेक्षा करार दिया। उन्होंने आशंका व्यक्त की है कि प्रदेश में शिक्षा की बागडोर सम्भाले कर्मचारियों का सबसे बड़ा समूह शिक्षक एलबी संवर्ग का प्रतिनिधित्व नहीं होने से इस समिति की उपादेयता कितनी निष्पक्ष और सर्व संवर्ग के हित में होगी, शिक्षक एलबी संवर्ग के प्रतिनिधित्व के बिना बनी इस समिति क्या इस संवर्ग के हितों की रक्षा कर पायेगी ये बड़ा प्रश्न है। इसलिए इस संशोधन समिति में हमारे एलबी संवर्ग को शामिल किया जाए। छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र दुबे और प्रांतीय महासचिव धर्मेश शर्मा ने भी समिति में सभी संवर्ग को उचित स्थान देने की मांग की है, ताकि नई भर्ती पदोन्नति नियम सर्वसम्मति से सभी संवर्ग की स्वीकार्यता हो।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है....
सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशिः-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+ 5% GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
Since-2007
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करेंः-7354-411411